समाचार

जन आकांक्षाओं के अनुरूप जारी रहेगी विकास की गति–महापौर

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया वार्ड क्र. 25, 19 एवं 23 में विकास कार्यो का भूमिपूजन)

कोरबा 30 जुलाई 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि विगत साढ़े चार वर्षो के इस कार्यकाल में निगम के समस्त वार्डो में व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए गए तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। उन्होने कहा कि आगे भी जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास की यह गति निरंतर जारी रहेगी तथा आमजनता की मांग एवं उनकी इच्छा के अनुरूप विकास कार्यो का संपादन सतत रूप से किया जाएगा।

उक्त बातें महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज निगम के कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 25, 19 एवं 23 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 25 बुधवारी सर्कस मैदान के समीप स्थित आदिवासी शक्तिपीठ के पास 04 लाख 73 हजार रूपये की लागत से शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्र. 19 सी.एस.ई.बी. कालोनी स्थित शिव मंदिर के समीप 07 लाख 98 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण तथा वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर में डिवाईन सेंटर के पास 07 लाख 96 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा, आज इन वार्डो में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन सभी कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर विकास कार्यो की शुरूआत कराई। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि निगम क्षेत्र की जनता ने आज से साढ़े चार वर्ष पूर्व मुझ पर विश्वास व्यक्त कर निगम की कमान मेरे हाथों में सौपी थी, इस दौरान मेरा पूर्ण प्रयास रहा है कि मैं जनता जनार्दन के इस विश्वास को कायम रख सकूॅं, उन्हें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों, उनकी इच्छा एवं मांग के अनुरूप विकास कार्य कराएं जाएं तथा विकास संबंधी उनकी सभी समस्याओं का यथासंभव निराकरण हों। उन्होने कहा कि इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखकर व्यापक रूप से वार्ड एवं बस्तियों में विकास कार्य कराएं गए, सड़क, नाली, पानी, बिजली, साफ–सफाई, सामुदायिक

भवन, मंच, शेड आदि से संबंधित सुविधाओं को प्राथमिकता पर रखा गया, मुझे खुशी है कि इन साढ़े चार वर्षो के दौरान आमजन की समस्याएं तेजी से दूर हुई हैं तथा मूलभूत सुविधाओं में व्यापक रूप से बढोत्तरी हुई है।

<u>अपेक्षा से अधिक हुए विकास कार्य</u>– वार्ड क्र. 19 के पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी वार्डो के साथ–साथ मेरे वार्ड क्र. 19 में अपेक्षा से अधिक विकास कार्य महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा कराए गए हैं। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री एवं कोरबा विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने सदैव कोरबा के विकास के लिए अथक प्रयास किए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप कोरबा ने विकास के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण पहचान बनाई है, मैं इसके लिए राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करता हूॅ।

<u>महापौर ने दिया था आश्वासन, जो शीघ्र पूरा हुआ</u>– वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान डिवाईन सेंटर के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नागरिक सेराफिन फेलिक्स ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने यहां पर अपने प्रवास के दौरान सामुदायिक भवन निर्माण का आश्वासन हम सबको दिया था, मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि महापौर श्रीमती अग्रवाल द्वारा दिया गया आश्वासन इतना शीघ्र पूर्ण हो रहा है, मैं इसके लिए महापौर श्रीमती अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करता हूॅ तथा वार्ड के नागरिकों की ओर से धन्यवाद देता हूॅ।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, एम.आई.सी.सदस्य सीताराम चौहान, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान एवं सिमरनजीत कौर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षा सपना चौहान, कुसुम द्विवेदी, अर्चना उपाध्याय, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, सहायक अभियंता एन.के.नाथ व तपन तिवारी, अंजुलता तिग्गा, सेराफिन फेलिक्स, सुनीता तिग्गा, आरिफ खान, फिरोज खान, लखविन्दर सिंह, मोहन सिंह, रमेश सिरका, लक्ष्मी सिंह राज आदि के साथ काफी संख्या में वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।